राष्ट्रीय सहारा

कानपुर • बुधवार • 8 फरवरी • 2023

# मिलेट्स महोत्सव का किसानों के दल को कराया गया भ्रमण

ुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि एवं ।की विवि के दलीपनगर कृषि विज्ञान ी अगुवाई में करीब 200 किसानों के ो मंगलवार को माती इको गार्डन में लगे र्णा मिलेट्स महोत्सव का भ्रमण कराया केन्द्र को नोडल अधिकारी डॉ. खलील

एसए कुलपति डॉ. विजेन्द्र ह भी पहुंचे

सानों को मोटे अनाजों के ादन के लिए किया प्रेरित

 पर्यविक्षण में गये किसानों ने महोत्सव ो खेतीव्बाड़ी की प्रदर्शनी को देखा व र की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की ारी ली। उन्होंने कृषकव्वैज्ञानिक चर्चा भाग लिया। सीएसए कुलपति डॉ. सिंह भी महोत्सव में शामिल हुए व ों को संदेश दिया।

लेट्स महोत्सव में कृषि वैज्ञानिकों ने ों को मोटे अनाज जैसे ज्वार, वाजरा, कोदों, सावां, कुकनी आदि की खेती पर अधिक लाभ हासिल करने को प्रोत्साहित किया। वैज्ञानिकों ने वताया कि मोटे अनाजों का सेवन स्वास्थ्य पोषण के दृष्टिगत भी लाभकारी है।

कार्यक्रम में निदेशक प्रसार डॉ. आरके यादव, डॉ. मिथिलेश वर्मा, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. विनोद प्रकाश, गौरव शुक्ला, अभिषेक सिंह आदि शामिल हुए। भ्रमण दल में शामिल किसान पांडेय नवादा, वैरी सवाई, ज्योति, विल्टी व अन्य गांवों के थे।




मिलेट्स महोत्सव में किसानों को किट्स भेंट करते अतिथि। फोटो : एसएनबी

# किसान ज्वार, बाजरा,रागी,कोदों, सावाँ,कुकनी की खेती कर अधिक लाभ प्राप्त करें

## एक्सपोज़र विजिट के तहत 200 किसानों का दल पहुंचा अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव ईको गार्डन माती











डीटीएनएन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आज फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत एक्स्पोज़र विजिट के तहत 200 किसानों का दल अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव इको गार्डन माती भ्रमण हेतु पहुंचा। केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि मिलेट्स महोत्सव में कृषकों ने लगी खेती-बाड़ी की प्रदर्शनी को देखा तथा कृषकों हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त की। तत्पश्चात मिलेट्स महोत्सव में चल रही कृषक- वैज्ञानिक परिचर्चा में भी भागीदारी की। वैज्ञानिकों द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि किसान मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा,रागी,कोदों, सावाँ,कुकनी आदि की खेती कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। तथा यह सभी जनमानस के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी है। जबकि उपस्थित विभागों के सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग जैसे कृषि, उद्यान, मत्स्य,पशुपालन, रेशम, फसल सुरक्षा एवं भूमि संरक्षण एवं सिंचाई विभाग आदि के अधिकारियों ने किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने सभी किसानों को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के बारे में विस्तार से जानकारी। इस विराट कार्यक्रम में निदेशक प्रसार डॉक्टर आर के यादव, डॉ मिथिलेश वर्मा, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ विनोद प्रकाश उपस्थित रहे।जबकि गौरव शुक्ला एवं अभिषेक सिंह का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। इस भ्रमण दल में ग्राम पांडेय निवादा, बैरी सवाई,ज्योति,बिल्टी आदि अन्य गांवों के 200 किसानों ने भ्रमण दल में शामिल होकर लाभ अर्जित किया है।

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश
रजंग अस्पताल में अब मिलेगी पंचकर्मा... 12 | अडानी समूह के खिलाफ आप कार्यकर्ता मुखर... 10



जन एक्सप्रेस
लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 118
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper
बुधवार | 08 फरवरी, 2023

# अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के बारे में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर द्वारा मंगलवार को फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत एक्सपोज़र विजिट के तहत 200 किसानों का दल अन्नपूर्णा मिलेट्स



महोत्सव इको गार्डन माती भ्रमण करने गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने सभी किसानों को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के बारे में जानकारी दी। केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ.खलील खान ने बताया कि मिलेट्स महोत्सव में किसानो ने खेती–बाड़ी की प्रदर्शनी को देखने के साथ किसानो के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर कृषक– वैज्ञानिक परिचर्चा में भाग लिया।वैज्ञानिकों ने बताया कि किसान मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा,रागी,कोदों, सावाँ,कुकनी आदि की खेती कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। वही अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपने–अपने विभाग जैसे कृषि, उद्यान, मत्स्य,पशुपालन, रेशम, फसल सुरक्षा एवं भूमि संरक्षण एवं सिंचाई विभाग आदि मे किसानों के लिए चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में निदेशक प्रसार डॉ.आर.के.यादव, डॉ.मिथिलेश वर्मा, डॉ.अरुण कुमार सिंह, डॉ.विनोद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

प्रोत्साहन

**कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दृष्टि योजना के तहत कानपुर देहात में काम करने वाले किसानों की सराहना की**

# पांच एफपीओ संचालक और प्रगतिशील किसान सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**कानपुर देहात।** माती में कानपुर देहात महोत्सव पांडाल में कृषि मंत्री ने 60-60 लाख रुपये अनुदान पाने वाले बीज प्रसंस्करण यूनिट संचालक 5 एफपीओ की सराहना की। कहा कि किसान बीज उत्पादन और बीज व्यापार कर सकता है।

कृषि मंत्री ने दृष्टि योजना में डेरापुर के सरायां के एफपीओ संचालक योगेंद्र सिंह, मनकापुर झींझक की बीना सिंह, पिटुरा समायू रसूलाबाद की लता सिंह, राजपुर के अरविंद सिंह और संदलपुर के रामचंद्र पाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि प्रदेश में दृष्टि योजना में सौ किसानों का लक्ष्य था। इसमें कानपुर देहात में पांच किसानों को 60-60 लाख रुपये अनुदान दिया गया है।

यहीं बाबूलाल, फूल सिंह, ओमप्रकाश, चंद्रशेखर, रघुराज सिंह, संतोष कुमार आदि किसानों को मिलेट्स कैनोपी दी गई। इसके साथ ही पीएम कुसुम योजना लाभार्थी रश्मि द्विवेदी, विश्वनाथ कुशवाहा, फार्म मशीनरी बैंक योजना के लाभार्थी फूल सिंह, नूर मोहम्मद, देहाती गुड़ पेठा के नवाचारी अमरौधा के राहुल सचान, लेमनग्रास की खेती के नवाचारी राजकुमार त्रिपाठी, पीएम किसान सम्मान निधि में उत्कृष्ट कार्य पर आदित्य मिश्र, आल्हा गायन में राजेंद्र सिंह, प्राकृतिक खेती में राधाकांत चौबे, पशुपालन में राजेश कुमार, अमित कुमार, अभिषेक सिंह, दीपक कुमार आहूजा, मत्स्य पालन में रामवती यादव, अंबिका देवी और उद्यान में बाबू लाल निषाद, बाबू सिंह कुशवाहा और विनोद कुशवाहा को सम्मानित किया गया। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, जिला कृषि अधिकारी डॉ.उमेश कुमार गुप्ता आदि रहे।



सम्मानित किसानों के साथ मौजूद कृषि मंत्री, कृषि राज्यमंत्री, राज्यमंत्री व अन्य। संवाद

## सपा ने पांच साल में जितना अनाज नहीं खरीदा हमने एक साल में खरीदा

कृषि मंत्री ने कहा कि सपा ने पांच साल में धान, गेहूं की जितनी खरीद नहीं की। उतनी से ज्यादा भाजपा की सरकार ने एक साल में की है। एक साल में धान की 60 लाख मीट्रिक टन खरीद की गई है। किसानों का 90 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

## मोटा अनाज के स्टॉल का किया निरीक्षण

महोत्सव स्थल पर कृषि विभाग और खाद सुरक्षा एवं औषधि विभाग की ओर से अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव पर मोटे अनाज के स्टॉल लगाए गए। यहां ज्वार, बाजरा, रागी, राजगिरा, रामदाना कोदो तथा सावा आदि की प्रदर्शनी लगाई गई। पंफलेट्स के जरिए फायदे भी प्रदर्शित किए गए। यहां निजी फैक्टरियों के स्टॉलों पर भी मिलेट्स अपनाने पर जोर दिया गया। प्रदर्शनी देखने पर कृषि मंत्री और कृषि राज्य मंत्री, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व एमएलसी/जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान खुश नजर आए। यहां सहायक आयुक्त खाद्य मनोज कुमार वर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुचि बाजपेयी रहीं।

## प्राकृतिक खेती अपनाएं

अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव में कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र में भरपूर सहूलियतें दे रही है। किसान प्राकृतिक खेती अपनाकर लागत को कम कर अधिक आमदनी कर सकते हैं। किसानों को सौर ऊर्जा पंप लगाने के लिए 60 फीसदी अनुदान दिया जा रहा है। किसान सौर ऊर्जा पंप लगाकर पूरे साल फसलों की सिंचाई कर सकते हैं। इससे सिंचाई पर खर्च नहीं होगा और फसलों की लागत कम आएगी। इससे मुनाफा अधिक होगा। कहा कि सरकार नर्सरी योजना पर काम कर रही है। इससे पूर्व सीएसए के कुलपति डॉ. धुर्जेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की योजना हर जिले में नर्सरी स्थापना की है। इससे किसानों को बीज की जरू रत खत्म हो जाएगी। सब्जी आदि की फसलों के लिए किसान सीधे नर्सरी से पौधे खरीद सकेंगे। नर्सरी के जरिए रोजगार भी बढ़ेगा और बीज में गड़बड़ी की दिक्कत भी दूर हो जाएगी।

फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत एक्सपोज़र विजिट के तहत

# 200 किसानों का दल पहुंचा अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव ईको गार्डन माती






**कानपुर (नगर छाया समाचार)।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आज फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत एक्सपोज़र विजिट के तहत 200 किसानों का दल अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव इको गार्डन माती भ्रमण हेतु पहुंचा। केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि मिलेट्स महोत्सव में कृषकों ने लगी खेती-बाड़ी की प्रदर्शनी को देखा तथा कृषकों हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त की। तत्पश्चात मिलेट्स महोत्सव में चल रही कृषक- वैज्ञानिक परिचर्चा में भी भागीदारी की। वैज्ञानिकों द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि किसान मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा,रागी,कोदों, सावाँ,कुकनी आदि की खेती कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। तथा यह सभी जनमानस के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी है। जबकि उपस्थित विभागों के सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग जैसे कृषि, उद्यान, मत्स्य,पशुपालन, रेशम, फसल सुरक्षा एवं भूमि संरक्षण एवं सिंचाई विभाग आदि के अधिकारियों ने किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने सभी किसानों को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के बारे में विस्तार से जानकारी। इस विराट कार्यक्रम में निदेशक प्रसार डॉक्टर आर के यादव, डॉ मिथिलेश वर्मा, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ विनोद प्रकाश उपस्थित रहे।जबकि गौरव शुक्ला एवं अभिषेक सिंह का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। इस भ्रमण दल में ग्राम पांडेय निवादा, बैरी सवाई,ज्योति,बिल्टी आदि अन्य गांवों के 200 किसानों ने भ्रमण दल में शामिल होकर लाभ अर्जित किया है।



# पेट भरने की नहीं पोषणयुक्त खेती करने की जरूरत : सूर्य प्रताप शाही

## साहूकार से कर्ज लेने से बचाने को किसान सम्मान निधि के रूप में 635 करोड़ भेजे, 2017 के बाद तेजी से किसानों का विकास हुआ, अब प्राकृतिक खेती पर जोर

जागरण संवाददाता, कानपुर देहात : कई विभागों के तत्वावधान में मंगलवार अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कैबिनेट कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि वर्तमान स्थिति के अनुसार पेट भरने की नहीं पोषणयुक्त खेती करने की जरूरत है। जो काम सपा और बसपा सरकार ने 10 वर्ष में नहीं किया वह भाजपा सरकार ने करके दिखाया है। साहूकार के कर्ज से किसानों को बचाने के लिए हर तिमाही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत दो हजार रुपये भेजे जा रहे हैं अब तक 635 करोड़ भेजे जा चुके हैं। योजनाओं का लाभ पाए व प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ आल्हा का लोगों ने लुत्फ उठाया।



कृषि योजना के लाभार्थी को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री कृषि सूर्य प्रताप शाही (बाएं से चौथे) उनके साथ कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व डीएम नेहा जैन ● जागरण



महोत्सव में आल्हा प्रस्तुत करते गायक कलाकार ● जागरण

कानपुर देहात महोत्सव के दूसरे दिन कृषि, उद्यान, खाद्य सुरक्षा, जिला पूर्ति व खाद्य विपणन आदि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कृषि सूर्य प्रताप शाही ने भारत माता की जय बोलने के साथ महोत्सव आयोजन के लिए डीएम नेहा जैन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने केसीसी के करीब 80 हजार किसानों का एक लाख तक का 266 करोड़ रुपये ऋण माफ किया है। रबी, खरीफ व जायद फसल की तैयार करने में साहूकार से कर्ज न लेना पड़े इसको लेकर प्रधानमंत्री पीएम किसान सम्मान निधि योजना से हर तिमाही दो हजार रुपये भेज रहे हैं। 70 वर्षों में जो कार्यक्रम नहीं चले वह प्रधानमंत्री ने चलाकर लाभ देना शुरू किया जिसका लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है। धान, गेहूं और गन्ना खरीदने की व्यवस्था जो सपा और बसपा सरकार ने 10 वर्ष में नहीं कर पाई वह योगी सरकार ने कर दिखाया है। किसानों की उपज का सही मूल्य मिल जाए इसको लेकर एमएसपी की व्यवस्था की गई। कृषि को बढ़ावा देने के लिए कृषि यंत्र सहित सिंचाई के लिए सोलर पंप योजना आदि पर अनुदान दे रहे हैं। अन्य पार्टी के सरकारों में चहेते लोगों को लाभ दिया जाता था हमारी सरकार ने सभी योजनाएं आनलाइन कर दी हैं। मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को ज्वार बाजरा का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। मक्का के लिए भी व्यवस्था की जा रही है। कम पानी वाली फसलों पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपका काम कार्यालय में बैठने का नहीं है किसानों के बीच जाओ और उन्हें योजनाओं की जानकारी देकर आमदनी बढ़ाने में सहयोग करो। उन्होंने किसानों से कहा कि हमें खेतों को खाली नहीं रखना है पेट भरने की नहीं पोषणयुक्त खेती करने की जरूरत है। वहीं कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि महोत्सव की दम पर आज हमें आने का मौका मिला है। 2017 के बाद किसानों का तेजी से विकास बीज व कृषि यंत्र के माध्यम से हुआ है अब प्राकृतिक खेती पर जोर है। सोलर पंप से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा तो आमदनी दोगुनी और तीन गुनी बढ़ेगी। लगातार कोशिश हो रही कि योजनाओं का लाभ मिलने में किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। केंद्र सरकार ने बजट में कृषि को महत्व देकर अपनी मंशा उजागर कर दी है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कुलपति ने कहा कि सप्ताह में 17 प्रकार की चीजें खाकर स्वस्थ रहा जा सकता है। उन्होंने किसानों से नर्सरी योजना से जुड़कर रोजगार सृजित करने की बात कही। डीएम ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कैबिनेट मंत्री ने योजनाओं का लाभ पाए लाभार्थियों व प्रगतिशील किसानों आदि को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान महिला कल्याण एवं बाल पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, एमएलसी व भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, डा. साधना पांडेय, डीडी कृषि विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी डा. उमेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

हिंदुस्तान कानपुर 08/02/2023

## प्रश्न पहर

# मौसम में बदलाव का फसलों पर असर को लेकर पूछें सवाल



डा.राजीव व डा.सुनील पांडेय • स्वयं

मौसम तेजी से बदला है। इसका फसलों पर क्या असर पड़ेगा। किसान अपनी फसलों का किस तरह बचाव कर सकते हैं। इसके लिए सीएसए के संयुक्त निदेशक शोध डा. राजीव व मौसम विज्ञानी डा. एसएन सुनील पांडेय से जागरण प्रश्न पहर में सवाल पूछ सकते हैं।

# श्रीअन्न से मोटे अनाजों की बढ़ेगी कद्र, पूरी होगी पोषण सुरक्षा

## कानपुर देहात महोत्सव के दूसरे दिन कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव का किया शुभारंभ, किसानों को मोटे अनाज उगाने के लिए किया प्रेरित

संवाद न्यूज एजेंसी

**कानपुर देहात।** श्रीअन्न योजना से मोटे अनाजों की कद्र बढ़ेगी। इससे प्रदेश और देश वासियों को पोषण की सुरक्षा मिलेगी। खाद्यान्न सुरक्षा के बाद पोषण की सुरक्षा बड़ी जिम्मेदारी है। इसे किसानों के योगदान से पूरा किया जाएगा। यह बात मंगलवार को माती में कानपुर देहात महोत्सव के दूसरे दिन अन्नपूर्णा मिलेट्स (मोटा अनाज) महोत्सव के शुभारंभ के बाद प्रदेश के कृषि मंत्री ने कही।

कानपुर देहात महोत्सव पंडाल में दोपहर में पहुंचे मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व कृषि राज्य मंत्री बल्देव सिंह औलख ने दीप प्रज्वलित कर अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव का शुभारंभ किया। यहां डीएम नेहा जैन ने मिलेट्स बास्केट और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



दीप जलाकर अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव का शुभारंभ करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व अन्य। संवाद

इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि जायद सीजन में श्रीअन्न यानी कि बाजरा, ज्वार, मक्का के साथ मूंग की फसल उगाकर किसान अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। किसानों को जायद सीजन में मोटे अनाज और मूंग उगाने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर शिविर लगाकर 50 फीसदी अनुदान पर बीज मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए मोटे अनाज व मूंग उगाने के इच्छुक किसानों का ब्योरा जुटाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि मोटे अनाज की कद्र से किसानों की आमदनी बढ़ेगी तो प्रदेश व देशवासियों की पोषण सुरक्षा पूरी होगी। कहा कि केवल पेट ही नहीं भरना है बल्कि स्वस्थ धरती से स्वस्थ अनाज उत्पादन करना प्राथमिकता है। श्रीअन्न योजना के तहत मंडी समिति को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। जायद की फसल के लिए जरूरत के बीज मिनी किट हैदराबाद से उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने एफपीओ (फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गनाइजेशन) बनाने वाले किसानों को अनुदान पर उपकरण व अन्य मदद देने की बात कही। कहा कि प्रदेश में 100 एफपीओ का लक्ष्य था। इसमें कानपुर देहात के 5 एफपीओ को 60-60 लाख रुपये की वित्तीय मदद दी गई है। किसानों को योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ लगातार काम कर रहे हैं। मिट्टी की सेहत सुधारने का काम हो रहा है। कानपुर देहात में 80 हजार किसानों का बकाया ऋण 266 करोड़ रुपये माफ किया जा चुका है।

करीब 3.5 लाख किसानों को 635 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तौर पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे योजना के तहत नदियों के किनारों पर उपलब्ध खेतों में प्राकृतिक खेती विकास की प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने डीएम को कार्यवाही करने को कहा।यहां राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, उप निदेशक कृषि विनोद यादव, सीएसए के कुलपति बृजेंद्र सिंह, सीडीओ सौम्या पांडेय आदि रहे।

## जिन्होंने रामभक्तों पर गोली चलवाई, वह कुछ भी कह सकते हैं

**कानपुर देहात।** जिन्होंने रामभक्तों पर गोली चलवाई। सैकड़ों लोगों की हत्या कराई। वह लोग कुछ भी कह सकते हैं। यह बात कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रामचरित मानस पर सपा नेता की टिप्पणी पर कही।



माती स्थित कानपुर देहात महोत्सव में आए कृषि मंत्री ने पत्रकारों के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि जो लोग रामभक्तों पर गोलियां चलवाने से पीछे नहीं हटे वह लोग क्या-क्या कहेंगे, यह तो वही बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों रामभक्तों पर गोली चलवाना सपा सरकार के ऊपर बड़ा धब्बा है। ऐसे लोगों की जितनी भर्त्सना की जाए, कम है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के ब्राह्मण को लेकर दिए गए बयान पर कृषि मंत्री ने कहा कि ब्राह्मण का मतलब विद्वान होता है। अडानी व राहुल को लेकर किए गए सवालों पर कृषि मंत्री चुप्पी साध गए। बोले, बस करिए, अब हो गया।

**कृषि मंत्री की फिसली जुबान :** कानपुर देहात महोत्सव में रसूलाबाद की एफपीओ संचालक लता सिंह को देखकर कृषि मंत्री ने कहा कि सपा और राजीव गांधी कहते हैं सरकार बड़े लोगों को अनुदान और ऋण देती है। इन लोगों को देखना चाहिए कि सरकार किन लोगों को बढ़ावा दे रही है। कृषि मंत्री कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की जगह उनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम बोल गए। यह बात पंडाल में मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही। संवाद

WORLD खबर EXPRESS

# WORLD खबर एक्सप्रेस

मंगलवार 07 फरवरी, 2023 | अंक -283

www.worldkhabarexpress.media
www.worldkhabarexpress.com

www.twitter.com/worldkhabarexpress www.facebook.com/worldkhabarexpress www.youtube.com/worldkhabarexpress MID DAY E



### फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत एक्सपोज़र विजिट के तहत

# 200 किसानों का दल पहुंचा अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव ईको गार्डन माती



**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आज फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत एक्सपोज़र विजिट के तहत 200 किसानों का दल अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव इको गार्डन माती भ्रमण हेतु पहुंचा। केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि मिलेट्स महोत्सव में कृषकों ने लगी खेती-बाड़ी की प्रदर्शनी को देखा तथा कृषकों हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त की। तत्पश्चात मिलेट्स महोत्सव में चल रही कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा में भी भागीदारी की। वैज्ञानिकों द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि किसान मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा,रागी,कोदों, सावाँ,कुकनी आदि की खेती कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है। तथा यह सभी जनमानस के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी है। जबकि उपस्थित विभागों के सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग जैसे कृषि, उद्यान, मत्स्य,पशुपालन, रेशम, फसल सुरक्षा एवं भूमि संरक्षण एवं सिंचाई विभाग आदि के अधिकारियों ने किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने सभी किसानों को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के बारे में विस्तार से जानकारी। इस विराट कार्यक्रम में निदेशक प्रसार डॉक्टर आर के यादव, डॉ मिथिलेश वर्मा, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ विनोद प्रकाश उपस्थित रहे।जबकि गौरव शुक्ला एवं अभिषेक सिंह का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। इस भ्रमण दल में ग्राम पांडेय निवादा, बैरी सवाई,ज्योति,बिल्टी आदि अन्य गांवों के 200 किसानों ने भ्रमण दल में शामिल होकर लाभ अर्जित किया है।



(हिन्दी दैनिक)
R.N.I. No. Uttmul/2018/76731
(गांव देहात की खबर, शहर पर भी नजर)
# दि ग्राम टुडे
उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश से एक साथ प्रसारित
देहरादून, बुधवार, 8 फरवरी 2023

## खबरें एक नजर

# फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत एक्सपोज़र विजिट के तहत 200 किसानों का दल पहुंचा अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव ईको गार्डन माती







दि ग्राम टुडे, कानपुर।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आज फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत एक्सपोज़र विजिट के तहत 200 किसानों का दल अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव इको गार्डन माती भ्रमण हेतु पहुंचा। केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि मिलेट्स महोत्सव में कृषकों ने लगी खेती-बाड़ी की प्रदर्शनी को देखा तथा कृषकों हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त की। तत्पश्चात मिलेट्स महोत्सव में चल रही कृषक- वैज्ञानिक परिचर्चा में भी भागीदारी की। वैज्ञानिकों द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि किसान मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा,रागी,कोदों, सावाँ,कुकनी आदि की खेती कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। तथा यह सभी जनमानस के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी है। जबकि उपस्थित विभागों के सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग जैसे कृषि, उद्यान, मत्स्य,पशुपालन, रेशम, फसल सुरक्षा एवं भूमि संरक्षण एवं सिंचाई विभाग आदि के अधिकारियों ने किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने सभी किसानों को अंतराष्टीय मिलेट्स वर्ष 2023 के बारे में विस्तार से जानकारी। इस विराट कार्यक्रम में निदेशक प्रसार डॉक्टर आर के यादव, डॉ मिथिलेश वर्मा, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ विनोद प्रकाश उपस्थित रहे।जबकि गौरव शुक्ला एवं अभिषेक सिंह का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। इस भ्रमण दल में ग्राम पांडेय निवादा, बैरी सवाई,ज्योति,बिल्टी आदि अन्य गांवों के 200 किसानों ने भ्रमण दल में शामिल होकर लाभ अर्जित किया है।

### माती ईको पार्क में चल रहे कानपुर देहात महोत्सव में बोले कृषि मंत्री, अन्नपूर्णा मिलेट्स में किसानों को दी गईं जानकारियां

# किसानों की तरक्की प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

कानपुर देहात, संवाददाता। माती ईको पार्क में चल रहे कानपुर देहात महोत्सव के दूसरे दिन दोपहर के वक्त अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव का आयोजन किया गया।

इसमें कृषि विभाग व कृषि समावेशी विभागों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व कृषि राज्य मंत्री बल्देव सिंह औलख ने किसानों को सम्मानित करते हुए कहाकि प्रदेश सरकार किसानों की तरक्की के लिए दृढ़ संकल्पित है।


कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों की आय प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री दोगुनी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान कृषि के क्षेत्र के अलावा क्षेत्रों में भी बेहतर प्रयास करें। इसमें मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन, बकरी पालन, भेड़ आदि में आगे बढ़े। इस दौरान सरकार के द्वारा चलाई जा रही किसानों से संबंधित योजनाओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी और सभी को इस महोत्सव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि मंत्री ने कहाकि किसानों का मोटा अनाज का कोई उपयोग नहीं होता था, लेकिन अब उनके मोटे अनाज को प्राथमिकता मिल रही है। खुद प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज की उपयोगिता बढ़ाने का अभियान शुरु किया है। इससे कम पानी वाले क्षेत्र के किसानों की प्रगति का रास्ता खुलेगा। इसके बाद अलग-अलग योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। इस दौरान राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, एमएलसी अविनाश सिंह चौहान, डीएम के अलावा उपनिदेशक कृषि आदि रहे।



महोत्सव में प्रगति शील किसानों को सम्मानित करते कृषि मंत्री। • हिन्दुस्तान



मंच पर पहुंचकर पद्मश्री मालिनी अवस्थी व कमिश्नर ने सीडीओ का किया सम्मान।



आल्हा गायन प्रस्तुति करता कलाकार।

### आल्हा गायकों ने बांधा शमा

अन्नपूर्णा मिलेट्स महोत्सव में आल्हा गायकों ने बुंदेली आल्हा गायन से शमां बांध दिया। यहां उन्होंने करीब एक घंटे तक मंच पर वीर रस में आल्हा गायन करके लोगों को खूब रोमांचित किया।

### कृषि यंत्रों की लगी प्रदर्शनी

कृषि मंत्री ने कृषि यंत्रों के साथ ही कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने कृषि यंत्रों व कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी देखी उन्होंने कहा यह ग्रामीण जिला है। यहां कृषि केलिए बहुत अधिक अवसर हैं।

# कथक नृत्य से सीडीओ ने सबको किया भाव विभोर

- मंच पर बिखेरी कथक नृत्य के साथ गणेश वंदना की अदभुद छटा
- पदमश्री मालिनी अवस्थी ने अपने लोक गीतों पर लोगों को झुमाया

कानपुर देहात, संवाददाता। कानपुर देहात महोत्सव में जिले में ही तैनात आईएएस अधिकारी सीडीओ सौम्या पांडेय ने शाम के कार्यक्रम कथक नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर अदभुद छठा बिखेर दी। गणेश वंदना व तीन ताल कथक नृत्य प्रस्तुत कर जमकर वाहवाही बटोरी। वहीं देर रात पदमश्री मालिनी अवस्थी ने अपने लोकगीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कानपुर देहात महोत्सव के दूसरे दिन के शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। इसमें जनपद में सीडीओ के तौर पर तैनात आईएएस अधिकारी सौम्या पांडेय ने कथक नृत्य में अपनी प्रवीणता का प्रदर्शन किया। करीब आधे घंटे के कार्यक्रम में सीडीओ ने भीड़ भरे पंडाल की खूब तालियां बटोरी। उनकी बेहतरीन प्रस्तुति पर महोत्सव की मुख्य अतिथि पदमश्री मालिनी अवस्थी व कमिश्नर डा. राजशेखर ने उन्हें मंच पर पहुंच कर सम्मानित किया। इसके पहले उनके टीजर में 4 वर्ष की उम्र से कथक नृत्य सीखने व इसमें उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक के पुरस्कार मिलने की जानकारी दी गई। इसके बाद देर शाम से मालिनी अवस्थी ने अपनी लोक गायन से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपने गायन से एक घंटे तक लोगों को झूमने पर मजबूर किया। इस दौरान राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल, जिला जज लालचंद्र गुप्ता, डीएम नेहा जैन, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, मुख्य कोषाधिकारी केके पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



कथक नृत्य प्रस्तुत करती सीडीओ सौम्या पांडेय। • हिन्दुस्तान